# भारी मात्रा में नकली शराब बरामद

Publish Date:Tue, 21 Aug 2018 12:15 AM (IST)



शिवहर पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब नकली शराब बनाने वाले धंधेबाजों सहित शराब की बोतलें बरामद की गई।

शिवहर। शिवहर पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब नकली शराब बनाने वाले धंधेबाजों सहित शराब की बोतलें बरामद की गई। एसपी संतोष कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी साझा करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम गठित की गई। जिसमें तरियानी थाना क्षेत्र के मरहल्ला गांव से बड़ी मात्रा में नकली देसी एवं विदेशी शराब बरामद की गई है। वहीं नकली विदेशी शराब 420 बोतल( 375 एम एल) रॉयल स्टैग कुल 157, 500 लीटर, 78 लीटर नकली देसी शराब एवं स्प्रिट, 304 खाली बोतल, दो बोरियों में रखी रॉयल स्टैग का ढ़क्कन, व्हिस्की का रैपर बरामद किया गया है। एसपी श्री कुमार ने बताया कि छापेमारी एवं जांच में पाया गया कि गिरफ्तार मरहल्ला निवासी राम लोभित साह एवं उसके पुत्र इस नकली शराब के धंधे में लिप्त है जो बोतल, ढक्कन, रैपर आदि राजा कुमार नामक व्यक्ति से मंगवाता था। वहीं नकली शराब बनाकर बेच रहा था। छापेमारी के दौरान धंधे में शामिल राम लोभित का दूसरा पुत्र अवधेश साह भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। वहीं तरियानी थाना कांड संख्या 133/18 दर्ज कर उक्त दोनों पिता पुत्र को जेल भेजा जा रहा है। एसपी ने कहा कि शराब के इस नकली उद्योग के उछ्वेदन में एसडीपीओ राकेश कुमार, तरियानी थानाध्यक्ष गोरख राम, पुअनि दया शंकर साह, सअनि मुन्नू प्रसाद एवं सशस्त्र जिला बल ने भूमिका निभाई। वहीं कहा कि जिले को शराबमुक्त बनाने कै पुलिस कृतसंकल्पित है। आह्वान किया कि इस अभियान में जिलावासियों का भी सहयोग अपेक्षित है। कि आपके आसपास अगर इस तरह की गतिविधि संचालित है तो पुलिस को खबर करें। सूचक का नाम गुप्त रखा जाएगा। कहा कि यह सर्वविदित है कि शराब के सेवन एवं बिक्री से जिलेवासियों को शारीरिक एवं आर्थिक क्षति होती है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/sheohar-heavy-quantities-of-counterfeit-liquor-recovered-18335181.html